1 प्रार्थना पत्र संख्या 223/2021 राजुराम गुर्जर बनाम राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला डीडवाना–कुचामन (राज.)

पीठासीन अधिकारी :– **श्री सुनील कुमार-I, (RAS)**

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– **223/2021 GCMS 2021/295**

प्रार्थीगण :–

1. राजुराम पुत्र श्री भंवरलाल जाति गुर्जर निवासी नारायणपुरा
2. छीतर पुत्र श्री भंवरलाल जाति गुर्जर निवासी नारायणपुरा
3. मोहनलाल पुत्र श्री भंवरलाल जाति गुर्जर निवासी नारायणपुरा
4. मूली देवी पत्नी श्री भंवरलाल जाति गुर्जर निवासी नारायणपुरा
5. ओमप्रकाश
6. कालूराम
7. किस्तुरराम पिसरान हीराराम
8. कंवरी पत्नी हीराराम
9. संतोष पत्नी श्री मालूराम
10. बजरंग पुत्र चॉदुराम
11. मदनलाल पुत्र चादूराम
12. भूराराम पुत्र रामुराम उक्त सभी की जाति नाई निवासी मंडावरा
13. मंगलाराम पुत्र बन्नाराम
14. जगदीश पुत्र बन्नाराम
15. मृतक नन्दु देवी पुत्री बन्नाराम के कायम मुकाम प्रार्थी सं. 13 व 1 है।
16. मंगलाराम पुत्र पुसाराम
17. गोरधन पुत्र पुसाराम
18. श्रवणराम पुत्र श्योदानराम
19. हीराराम पुत्र श्योदानराम
20. मृतक मोतीराम पुत्र कानाराम जाति जाट नि. मंडावरा के कायम मुकाम

    20/1 कुनणाराम पुत्र मोतीराम

    20/2 नेमाराम पुत्र मोतीराम

    20/3 उगराज पुत्र मोतीराम

    20/4 मंगलाराम पुत्र मोतीराम उक्त सभी की जाति जाट निवासी मंडावरा मंगलाना

    20/ भगवती देवी पुत्री मोतीराम जाति जाट निवासी किशनगढ़ अजमेर

अप्रार्थीगणः–

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार कुचामन सिटी
2. श्रीमान प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय नारायणपुरा
3. शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कुचामन
4. शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया शाखा कुचामन

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2025.07.08 15:38:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

Scanned with OKEN Scanner

5. शाखा प्रबंधक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा कुचामन
6. शाखा प्रबंधक एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमीटेड शाखा कुचामन
7. शाखा प्रबंधक नागौर सहकारी भूमि विकास बैंक लिमीटेड नागौर

आवेदन पत्थरगढ़ी करवाने बाबत् अन्तर्गत धारा 128 भू–राजस्थान भूराजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री मो.हनीफ अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से।

–:निर्णय :–

दिनांक :–06/06/2025

वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षेप में सार इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी व आधिपत्य की कृषि भूमि पटवार मंडल नारायणपुरा ग्राम नारायणपुरा भू–अभिलेख निरीक्षक मण्डावरा में खसरा नंबर 238, 252, 253, 254, 255, 256, 347/238 कुल रकबा 11.9800 है. आई हुई है। जमाबंदी व नक्शा ट्रेस की प्रति संलग्न है। प्रार्थीगण उपर्युक्त कृषि आराजी में अपने पुरखों के समय से अलग अलग हिस्सों पर रकबा अनुसार जुवानी विभाजन करके अपने अपने हिस्से अधिकारों की कृषि भूमि पर सींव मांठ कायम कर निर्धारित लगान अदा करते चले आ रहे हैं। प्रार्थी सं. 1 से लगायत 4 उपर्युक्त ग्राम नारायणपुरा के खसरान में से खसरा नंबर 256 rकबस 3.42 है. चाही 2, जाव 2 पर अपने पूर्वजों के समय से काबिज होकर काश्त करते चले आ रहे हैं जमाबंदी व नक्शा ट्रेस की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न है। ग्राम नारायणपुरा के खसरान में से खसरा नंबर 256 रकबा 3.42 है. चाही 2, जाव 2 भूमि की पश्चिम सीव के समीप खसरा नंबर 163 गैर मुमकिन रास्ता की भूमि उत्तर से दक्षिण की तरफ आयी हुई है। इस जाव व चाही के समीप स्थित कटाणी रास्त की भूमि संबंध में दिनांक 04.06.2021 को श्रीमान तहसीलदार कुचामन सिटी के आदेश क्रमांक भू.अ./02/दिनांक 01.06.2021 की पालना में हल्का पटवारी द्वारा उपस्थित मौतबिरान के रूबरू मौके पर नाप करके सीमाज्ञान किया जाकर मौके पर सीमा पर निशानात बता करे सींमाकन फर्द बना दी गयी है, जिसकी प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न है। प्रार्थी सं. 1 से लगायत 4 पर मौके पर खातेदारी अधिकारों की कब्जा काश्त अधीन कृषि भूमि खसरा नंबर 256 रकबा 3.42 है की चालू जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस में वर्णितानुसार पत्थर गढ़ी किया जाना आवश्यक है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में वर्णित खसरा नंबर 256 जाव व चाही कृषि भूमि माननीय न्यायालय हाजा के क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार में स्थित होने के कारण प्रकरण माननीय न्यायालय हाजा के क्षेत्राधिकार के अधीन निर्धारित कोर्ट फीस पर अंदर मियाद प्रस्तुत है। ग्राम नारायणपुरा के खसरा नंबर 256 रकबा 3.42 है किस्म चाही 2, जाव 2 का फर्द सीमांकन अनुसार राजस्व विभाग कर्मचारियों के माध्यम से पत्थरगढी के आदेश प्रदान करावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2025.07.08 15:38:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

Scanned with OKEN Scanner

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 02 से 07 बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहे। जिनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

अप्रार्थी संख्या 01 से जवाब प्राप्त कर शामिल मिसल किया गया। उभय पक्षों की बहस सुनी गई। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण ग्राम नारायणपुरा के खसरा नम्बर 256 रकबा 3.42 हैक्टयर किस्म जाव 02 व चाही 02 भूमि की पत्थगढ़ी तहसीलदार कुचामन सिटी की सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 04.06.2021 के अनुसार करवाना चाहते हैं। वकील प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाये जाने से प्रार्थना पत्र स्वीकार कर कर निम्नानुसार आदेश दिये जाते है :–

–: आदेश :–

तहसीलदार कुचामन सिटी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम नारायणपुरा के खसरा नम्बर 256 रकबा 3.42 हैक्टयर भूमि की पत्थगढ़ी सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 04.06.2021 के अनुसार करवाई जाकर पालना से अवगत करावें।

आदेश आज दिनांक 06/06/2025 को सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन) सत्यमेव जयते

(सुनील कुमार-I)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी डीडवाना-कुचामन

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2025.07.08 15:38:19 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner